# बिलासपुर–भोपाल एक्सप्रेस में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी कोच की स्थायी वृद्धि

जबलपुर 29 जुलाई। यात्रियों की सुविधा एवं लगातार बढ़ रही मांग को ध्यान में रखते हुए, रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 18236/18235 बिलासपुर–भोपाल–बिलासपुर एक्सप्रेस की कोच संरचना में एक अतिरिक्त वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी (2AC) कोच को स्थायी रूप से जोड़े जाने का निर्णय लिया गया है।

**यह कोच वृद्धि निम्नानुसार प्रभावी होगी:-**

• गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर–भोपाल एक्सप्रेस में दिनांक 01 अगस्त 2025 से

• गाड़ी संख्या 18235 भोपाल–बिलासपुर एक्सप्रेस में दिनांक 03 अगस्त 2025 से

**इस स्थायी कोच वृद्धि के उपरांत गाड़ी की नई कोच संरचना इस प्रकार होगी:-**

जनरल श्रेणी – 05, स्लीपर श्रेणी – 04, **वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी – 01** एवं एसएलआरडी - 2 सहित कुल 12 कोचेस ।

रेल प्रशासन यात्रियों की आवश्यकता और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए समय-समय पर गाड़ियों में संरचनात्मक सुधार और कोच वृद्धि करता रहेगा, ताकि यात्रियों को अधिक सुगम एवं आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान किया जा सके।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/256/2025 दिनांक 29.07.2025

सम्माननीय संपादक,

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर